ADFACTORS PR
Knowledge-driven communications

| | | | |
|---|---|---|---|
| Published Date: | 15 Aug 2018 | Publication: | Prabhat Khabar (Hindi) |
| Edition: | Kolkata | Page No: | 9 |
| MAV/CCM: | 15162/10.83 | Circulation: | 69837 |

# टीसीएस आइटी विज 2018 का आयोजन 28 को

**कोलकाता.** आइटी सर्विसेस, सलाहकार व बिजनेस सॉलुशंस क्षेत्र की टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस (टीसीएस) की ओर से स्कूली छात्रों को लेकर टीसीएस आइटी विज 2018 प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा. यह प्रतियोगिता देश के 12 शहरों में आयोजित होगा और महानगर में इसका आयोजन 28 अगस्त 2018 को कला मंदिर के संगीत कला मंदिर ट्रस्ट ऑडिटोरियम में होगा. बताया गया है कि कोलकाता के अलावा अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोची, मुंबई, नागपुर व पुणे में इसका आयोजन किया जायेगा, जिसमें कक्षा आठ से 12 तक के छात्र हिस्सा ले सकते हैं. प्रत्येक स्कूल व संस्थान दो सदस्यों की अधिकतम 15 टीम प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए भेज सकती है. इसके लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं लिया जायेगा. बताया गया है कि क्षेत्रीय विजेता टीम को 60 हजार रुपये का गिफ्ट वाउचर व रनर-अप टीम को 40 हजार रुपये का वाउचर प्रदान किया जायेगा.